# हल्ट प्राइस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में फूडैसिटी टीम रही प्रथम स्थान पर, मिला पुरस्कार




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। हल्ट प्राइस एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इस वर्ष ऑन-कैंपस राउंड के लिए चयनित 10 टीमों मे फूडैसिटी टीम प्रथम स्थान पर रही। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में 12 दिसंबर को हुआ था। टीम के कैप्टन मयंक खन्ना और सदस्य अनुश्री द्विवेदी, सुनाक्षी पटेल तथा सुहर्ष महाजन थे । टीम को प्रथम स्थान प्राप्त होने के साथ ही 1500 रुपए की धनराशि दी गयी । इस प्रतियोगिता का अगला चरण राजकीय स्तर पर मार्च-अप्रैल में आयोजित होना है।

# फूडैसिटी का आइडिया देकर टीम बनी विजेता



मयंक खन्ना, अनुश्री त्रिवेदी, सोनाक्षी पटेल, सुहर्ष महाजन

कानपुर। हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) में अंतरराष्ट्रीय हल्ट प्राइज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यूनाइटेड नेशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता के पहले कैंपस राउंड में एचबीटीयू के छात्र मयंक खन्ना, अनुश्री त्रिवेदी, सोनाक्षी पटेल, सुहर्ष महाजन की टीम विजेता बनी। इसमें संस्थान की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में टीमों को सामाजिक सरोकार से संबंधित आइडिया देने होते हैं। टीम कैप्टन मंयक खन्ना ने बताया कि उनकी टीम ने फूडैसिटी का आइडिया दिया। इसमें गरीब लोगों को दो वक्त के खाने के साथ ट्रेनिंग देने की व्यवस्था है। अप्रैल में फाइनल होगा, जिसमें 100 देश शामिल होंगे। यहां जीतने वाले को एक मिलियन डॉलर का इनाम मिलेगा।